हीवेट पॉलीटेक्निक, महानगर, लखनऊ

पत्रांकः– एच0पी0 / 2020–21 / नियुक्ति / संविदा / 603

लखनऊ, दिनांकः 19/01/2021

सेवा में,

साबरीन जहाँ पुत्री श्री रोजली अंसारी
पता–174, ग्रामः चकमुकुन्द उर्फ बरतर,
पोस्टः नोनहारा, मोहम्मदाबाद,
गाजीपुर (उ0 प्र0)–233303

विषयः– **संविदा के आधार पर नियत वेतन पर नियुक्ति।**

महोदय,

संस्था में चल रहे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम इन्फारमेशन टेक्नालॉजी (प्रथम पाली) के अन्तर्गत शासनादेश सं0– 278 / 16–प्रा0शि0–3–2003–12(बी)2002, दिनांक 27 मई 2003 द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार आपकी नियुक्ति **प्रवक्ता–इलेक्ट्रानिक्स इंजी0** के पद पर शासनादेश सं0–1448 / सोलह–3–2016–12(बी) / 2002 प्रा0शि0 अनु0–3 लखनऊ दिनांक 16.08.2016 में दी गयी व्यवस्था के कम में **रू0 21,000/–** मासिक समेकित वेतन पर प्रथम चरण में 11 माह के अनुबन्ध पर निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ की जाती हैः–

1. संविदा की अवधि समाप्त हो जाने के उपरान्त प्रबन्ध तंत्र द्वारा चयन की कार्यवाही पुनः की जायेगी। जिससे आपकी पुनः नियुक्ति पर गुण–दोष के आधार पर ही विचार किया जा सकेगा।
2. आप संस्था के प्रबन्ध तंत्र को एक माह का नोटिस देकर सेवा से त्याग–पत्र दे सकेंगी। इसी प्रकार कार्य के संतोषजनक न होने की स्थिति में प्रबन्ध तंत्र द्वारा आपको एक माह का नोटिस देकर संविदा अवधि में कभी भी हटाया जा सकेगा।
3. नियुक्ति आदेश निर्गत होने पर यथाशीघ्र अथवा अधिकतम 15 दिन के भीतर कार्यभार ग्रहण करना होगा। कार्यभार निर्धारित समय से ग्रहण न करने की दशा में आपका नियुक्ति अधिकार स्वतः समाप्त माना जायेगा।
4. प्रत्येक कार्य दिवस में संस्था कार्यकाल की सम्पूर्ण अवधि तक संस्था में उपस्थित रहना होगा।
5. आपको शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त संस्था से सम्बन्धित जो अन्य कार्य दिये जायेंगे उन्हें भी सम्पादित करना होगा तथा परिषद परीक्षाओं से पूर्व छात्रों की पाठ्यचर्या पूरी करनी होगी।
6. कार्यभार ग्रहण करते समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त फिटनेस सर्टिफिकेट एवं दो सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. संस्था और आपके बीच एक अनुबन्ध–पत्र भरना अनिवार्य होगा, जिसमें आपको दिये जाने वाले वेतन एवं अनुमन्य सुविधाओं का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा।

यदि आपको उपरोक्त शर्तें स्वीकार्य हो तो अपनी स्वीकृति पत्र देते हुये कार्यभार ग्रहण करने का कष्ट करें।

S. Asthana

(डा0 एस0 अस्थाना)
अध्यक्ष
प्रबन्ध समिति

पृ0 सं0– पत्रांकः– एच0पी0 / 2020–21 / नियुक्ति / संविदा /

लखनऊ, दिनांकः

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0, कानपुर को शासनादेश सं0– 278 / 16–प्रा0शि0–3–2003–12(बी)2002, दिनांक 27 मई 2003 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा (मध्य क्षेत्र), लखनऊ।
3. व्यक्तिगत पत्रावली।
4. श्री आशीष कुमार त्रिवेदी, लिपिक (अनुबन्ध) / लेखाकार।
5. स्थापना।
6. मास्टर फाइल।

(डा0 यू0 सी0 बाजपेयी)
प्रधानाचार्य